वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 208 | रविवार 24 नवम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राजस्थान उपचुनाव में 5 सीटों पर भाजपा की जीत

# सीएम की 15 चुनावी सभाओं का असर दिखा, हर विधानसभा सीट पर 2 बार पहुंचे

**सीएम ने खींवसर, सलूंबर, रामगढ़ व झुंझुनूं के बागियों से खुद बात की और मनाने में सफल रहे। सीएम ने बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट किया। चुनाव के दौरान पार्टी पदाधिकारी, विधायक, पूर्व नेता, सामाजिक नेताओं व मंत्रियों को नियुक्त किया और लगातार फोन पर संपर्क में रहे।**



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रदेश के उपचुनाव में 7 में से 5 सीटों पर भाजपा की जीत से चुनाव प्रबंधन में लगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व सरकार के मंत्रियों के साथ ही प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की टीम का कद व प्रतिष्ठा बढ़ी है। सीएम ने बागियों को मनाने से लेकर 15 जगह जनसभा, रैलियों व रोड शो के जरिए खुद चुनाव प्रबंधन संभाला। वहीं प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने एक दर्जन से ज्यादा जगह जगह प्रचार किया। सीएम व प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ व प्रदेश प्रभारी अग्रवाल से मिलकर जमीन व जिताऊ प्रत्याशी चयन से लेकर स्टार प्रचारकों की सभाओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देने तक मॉनिटरिंग की। वहीं सीएम ने खींवसर, सलूंबर, रामगढ़ व झुंझुनूं के बागियों से खुद बात की और मनाने में सफल रहे। सीएम ने बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट किया। चुनाव के दौरान पार्टी पदाधिकारी, विधायक, पूर्व नेता, सामाजिक नेताओं व मंत्रियों को नियुक्त किया और लगातार फोन पर संपर्क में रहे।

## चुनावी प्रबंधन व जातीय पकड़ वाले मंत्रियों को दी जिम्मेदारी

देवली-उनियारा सीट में अन्य पिछड़ा वर्ग व जाट मतदाताओं पर पकड़ के लिए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को जिम्मेदारी देने का प्लान सफल रहा। वहीं खींवसर में राजपूत मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान बढ़ाने के लिए चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को प्रभारी के तौर पर दी गई जिम्मेदारी भी जीत का बड़ा कारण रहा। सलूंबर में भी आदिवासी नेताओं को दी गई जिम्मेदारी से जीत मिली। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने हरियाणा चुनाव जीतने के बाद झुंझुनूं, खींवसर, रामगढ़ और देवली उनियारा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किसान, युवा और कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया था। पार्टी के महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कार्यालय में चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली थी। बगड़ी ने प्रत्याशी व क्षेत्रीय पदाधिकारियों से बात करके ही वरिष्ठ नेताओं की रैलियां करवाई।

## डबल इंजन सरकार के कार्यों से लड़ा चुनाव

उपचुनाव को लेकर विपक्ष ने सरकार का आंकलन करने की बात कहना शुरू कर दिया था। सीएम ने बूथ के कार्यकर्ता, मंडल के कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता, प्रचार अभियान में लगे कार्यकर्ता, विधानसभा चुनाव संचालन समितियों व क्षेत्र में लगे प्रदेश के पदाधिकारियों से बात की। भाजपा ने हर सीट पर भजनलाल सरकार की ओर से किए गए 10 में पूर्व व शुरू हुए विकास कार्यों की सूची जारी की है। कार्यकताओं मतदाता को इन कार्यों के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया।

**सोशल मीडिया टीम रही एक्टिव:** उपचुनावों में भाजपा के सोशल मीडिया विभाग ने भी आक्रमक रूप से पूरे चुनावों में भाग लिया। जहां एक ओर सोशल मीडिया पर भजनलाल सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पर्ची सरकार के नैरेटिव को फेल किया।

# रामपुरा तेजाजी धाम में 108 कुंडीय विष्णु महायज्ञ के लिए विधान पूर्वक हुआ झंडारोहण

## 28 मई से 5 जून 2025 तक चलेगा महायज्ञ, होगी श्री पधनाम विष्णु भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। नसीराबाद क्षेत्र के कोटा रोड , लोहरवाड़ा के रामपुरा धार्मिक स्थल तेजाजी व बासग बाबा धाम रामपुरा में 28 मई से 5 जून 2025 को होने वाले 108 कुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ एवं श्री पधनाम विष्णु भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के होने वाले धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 5 गांव रामपुरा, लोहरवाड़ा, जसवंतपुरा, हनुतिया भटियाणी सहित रतनपुरा, झाबरकीया, धोला भाटा, नसीराबाद, तिहारी सहित बीसियों गांवो के पंच पटेलों की उपस्थिति व धाम के अध्यक्ष चतर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता एवं मोहन लाल व्यास यज्ञ आचार्य के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 9 दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ 108 कुंडीय यज्ञ का झंडा रोहण व भेरू जी की स्थापना विधि विधान से पूजा पाठ कर किया गया ।बैठक में यज्ञ को सही एवं व्यवस्था पूर्वक सम्पन्न कराने पर कई प्रस्ताव पास किये गए ।तेजाजी धाम व बासग बाबा धाम समिति के सानिध्य व 5 गांवो के आतिथ्य में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ के आचार्य मोहन लाल जी व्यास क्यासरा मध्यप्रदेश के सानिध्य में करीब 200 सौ पंडितो की देखरेख में यज्ञ पूर्ण होगा।इस मोके पर धाम अध्यक्ष चतरसिंह राठौड़ , धाम के गादीपति रतनलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह राठौड़, नन्दलाल शर्मा बाबा, किशनगोपाल अग्रवाल, महंत रामदास, कुशुम माहेश्वरी, लोहरवाड़ा से सांवरलाल प्रजापत , रामलाल प्रजापत फौजी, लाला राम, जीवराज जाट, शिवराज जाट, विजय लाल जाट, हनवंतिया से विष्णु काला, हनुमान काला, राजेंद्र सिंह राठोड , लाला नाथ, रामा नाथ योगी , जसवंतपुरा से हरलाल जाट, रामधन जाट , मोहन लाल शर्मा, गोपाल जाट , लाला राम खाती, भटियाणी से तेजा राम, कालू गियाड, दयाल गुर्जर, सत्यनारायण वैष्णव, ग्यारसी लाल प्रजापत, नसीराबाद से मातादीन शर्मा , आचार्य रामरतन महाराज , गोपाल मारवाड़ा सहित ग्राम तिहारी, कानपुरा, सनोद, अरवड़, फतेहगढ़, डाबड़ दुमाँ, पथराज सहित बीसियों गांवों के मोतबीर व्यक्ति बैठक में मौजूद रहे।इस उपलक्ष्य में देवराज सिंह राठौड़ ठिकाना शिकरानी ने 11 लाख इक्यावन हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दीया ।सभा का संचालन पूर्व सरपंच व धाम के उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह राठौड़ ने किया ।

# ''एक शाम नाकोड़ा भैरव के नाम'' विषाल भक्ति संध्या आज 24 नवंबर को




जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन सोश्यल ग्रुप सेंट्रल संस्था के तत्वावधान में ''एक शाम नाकोड़ा भैरव के नाम'' विषाल भक्ति संध्या रविवार को साम 6.30 बजे रविन्द्र मंच के ओपन एअर थियेटर में आयोजित की जाएगी। नाकोड़ा पार्श्व, भैरव बाबा के आषीर्वाद से यह तीसरी बार भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। ग्रुप के संस्थापक कमल संचेती व अध्यक्ष संजय बैद ने बताया कि इस मौके पर प्रख्यात भजन सम्राट वैभव बागमार ,राजीव विजयवर्गीय एवं खुशबु कुम्भट भजनों से भक्तों की भक्ति रस की रचनाएं सुनाएंगे।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद में जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया

रोहित जैन. शाबाश इंडिया



नसीराबाद । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद मे शनिवार को जनजाति गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत प्राथमिक विभाग में कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया।जिसके तहत बच्चों को भारत की विभिन्न जनजातियों के भोजन को अपने लंच बॉक्स मे बनाकर लाने को कहा गया, एवं मध्यांतर के पश्चात कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए आदिवासी हाट बाजार का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने आदिवासी क्षेत्रों में मिलने वाली विभिन्न सामग्रियों जैसे खेल खिलौने , मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की टोकरिया विभिन्न प्रकार के आभूषण, महुआ के फूल एवं उनके भोजन सामग्री का क्रय-विक्रय किया ।इसके माध्यम से विद्यार्थियों को यह बताने का प्रयास किया गया कि आदिवासी सभ्यता संस्कृति के लोग किस प्रकार अपनी सामाजिक और आर्थिक क्रियाकलाप करते हैं। प्राचार्य आरसी मीणा ने बताया कि आदिवासी संस्कृति हाट के माध्यम से हमें एक ऐसी व्यवस्था अपनाने को प्रेरित करती है, जो प्रकृति के नियमों का पालन कर सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाती है ।हाट आमतौर पर भारत के गाँवों में लगने वाले स्थानीय बाजार को कहा जाता है। सब्जी, फल, खाद्यान्न या परचून सामग्री आदि हाट में खरीद-बिक्री की जानेवाली प्रमुख हैं। एवं आदिवासी लोगों के भोजन को सामुदायिक भोज के मध्यम से विद्यार्थियों को मोटे अनाज और आदिवासी लोगों के भोजन के महत्व को विद्यार्थियों को बताने का प्रयास किया।

## पक्षी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए आयकर विभाग द्वारा कमल लोचन का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पक्षी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लोचन को यह सम्मान सी-स्कीम स्थित होटल शकुन में सामाजिक संस्थाओं के साथ आयकर विभाग के हुए संवाद और ओपन हाउस कार्यक्रम में प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स एक्जैमप्शन नई दिल्ली प्रवीण कुमार तथा कमिश्नर अनिल कुमार भारद्वाज ने प्रदान किया। इस अवसर पर पक्षी चिकित्सालय ने एनिमल वेलफेयर के विषय में किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित गया । इस दौरान पक्षी चिकित्सालय के अलावा अपना घर, भगवान महावीर विकलांग समिति जयपुर फुट, नारायण सेवा संस्थान, सहित कुछ संस्थाओं ने भी अपना प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रेजेंटेशन के बाद दूसरे ओपन सत्र में सामाजिक संस्थाओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट और एडवोकेट्स ने कुछ सवाल पूछे एवं सुझाव दिए ।

# जियो ने जोड़े सबसे अधिक 'एक्टिव सब्सक्राइबर' : ट्राई

### वायरलाइन ब्रॉडबैंड के ग्राहकों की संख्या हुई 4 करोड़ 36 लाख के पार




**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, रिलायंस जियो 'एक्टिव सब्सक्राइबर' जोड़ने के मामले में सबसे आगे है। सितंबर में जियो ने करीब 17 लाख 'एक्टिव सब्सक्राइबर' जोड़े। समान अवधि में भारती एयरटेल ने 13 लाख तो वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने 31 लाख के करीब ग्राहक गंवा दिए। 'एक्टिव सब्सक्राइबर' जोड़ने के मामले में जियो लगातार दूसरे महीने नंबर वन बना हुआ है। एयरटेल और वोडा आइडिया के 'एक्टिव सब्सक्राइबर' नंबर गिरने के कारण पूरे उद्योग में सक्रिय ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखी गई, सितंबर माह में यह 15 लाख घटकर 106 करोड़ के करीब आ गई। ट्राई के आंकड़े बताते हैं कि वायरलाइन ब्रॉडबैंड यानी फाइबर व अन्य वायरलाइन से जुड़े ग्राहकों की कुल संख्या 4 करोड़ 36 लाख पार कर गई है। सितंबर माह के दौरान इसमें 7 लाख 90 हजार नए ग्राहकों का इजाफा हुआ। सबसे अधिक ग्राहक रिलायंस जियो ने जोड़े। जियो ने सितंबर में 6 लाख 34 हजार ग्राहकों को अपने नेटवर्क से जोड़ा तो वहीं एयरटेल मात्र 98 हजार ग्राहक ही जोड़ पाया। समान अवधि में बीएसएनएल ने 52 हजार वायरलाइन ब्रॉडबैंड ग्राहक खो दिए।

# रामगंजमंडी नगर में पूज्य मुनि श्री नीरज सागर महाराज एवं निर्मद सागर महाराज का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

### रामगंजमंडी का नाम काफी वजनदारी है : निर्मद सागर जी महाराज

**रामगंजमंडी।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवम आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आज्ञानुवृत्ति शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर महाराज एवं पूज्य मुनिश्री 108 निर्मद सागर महाराज का रामगंजमंडी नगर में मंगल प्रवेश हुआ महाराज श्री संघ के नगर आगमन से नगरवासियों में काफी हर्ष व्याप्त था पूज्य महाराज श्री का नगर सीमा पर स्थित कमल फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर पहुंचने पर एवम जय जयकार के साथ बेंड बाजो के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर लाया गया जहां महाराज श्री ने शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा को एक टक निहारा जगह जगह महाराज श्री संघ का पद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर उनकी आगवानी की पूज्य महाराज श्री संघ ने महावीर दिगंबर जैन मंदिर के भी दर्शन किए शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर



परिसर में धर्मसभा भी हुई यहां सर्वप्रथम मंगलाचरण रुचि बागड़ियां ने किया मंगलाचरण उपरांत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन बाहर से पधारे हुए अतिथि एवं समाज के वरिष्ठ जन द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का पूजन भक्ति भाव से किया गया पूजन शोभित जैन के द्वारा सम्पन्न की गई। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज रामगंजमंडी की और से महाराज श्री संघ के समक्ष शीतकाल प्रवास का निवेदन करते हुए श्रीफल समर्पित किया गया। धर्म सभा का संचालन राजकुमार गंगवाल एवम प्रशांत जैन आचार्य ने किया। सर्वप्रथम मंगल प्रवचन देते हुए पूज्य मुनिश्री 108 निर्मद सागर महाराज ने रामगंजमंडी नगर के विषय में बोलते हुए कहा कि रामगंजमंडी का नाम बहुत बड़ा है और नगर काफी पुराना है रामगंजमंडी का नाम वजनदारी है, उन्होंने राम शब्द के विषय में कहा कि राम शब्द बहुत महत्वपूर्ण है। यहा की प्रतिमा काफी प्राचीन है। उन्होंने कहा कि धर्म बाहर की चीज नहीं है, अंदर की चीज हे। जिसके अन्दर आत्म तत्व जागृत हो जाता है वह श्रेष्ठ हो जाता है। जहां विशेषता एवं विशेषण जुड़ जाता है वहा अहंकार हो जाता है। हमारे जीवन में समर्पण आना चाहिए सेवा करते हुए अहंकार नहीं आना चाहिए जीवन में सरलता एवं सहजता आनी चाहिए। झुकता वही है जिसमें जान है।

## वेद ज्ञान


### आत्मा ही हमें जीवित रखती है

पूर्व के देशों में लोगों की यह मान्यता है कि मनुष्य जीवन के तीन पहलू हैं और तीनों का विकास होना चाहिए। ये पहलू हैं-बौद्धिक, शारीरिक और आध्यात्मिक। दुर्भाग्य से हम अपने आध्यात्मिक पहलू को भूल गए हैं, जबकि हम बौद्धिक हैं और शारीरिक विकास में बहुत आगे बढ़ चुके हैं। चाहे कोई पूर्व से हो या पश्चिम से, सभी आमतौर से यह मानते हैं कि हमारे शरीर में आत्मा का निवास है और आत्मा ही वह ताकत है, जो हमें जीवित रखती है। यह विश्वास किया जाता है कि जब आत्मा शरीर को छोड़ती है तो मृत्यु हो जाती है। हम खुशनसीब हैं कि हमने मनुष्य जन्म पाया है। अपने इसी जीवन में यदि हम अपने आध्यात्मिक विकास के लिए समय नहीं निकालेंगे तो हम मनुष्य जन्म का पूरा फायदा हासिल नहीं कर सकेंगे। अध्यात्म जीवन के उच्च आदर्शों को विकसित करना सिखाता है और बेहतर इंसान बनाना सिखाता है। अध्यात्म का मतलब है बिना रंग, धर्म, देश, अमीर-गरीब या पूर्व-पश्चिम का भेदभाव बगैर पूरी इंसानियत के प्रति अपने दिलों में प्यार पैदा करना। प्रभु की ज्योति सभी लोगों के अंदर है, यह अहसास हमें विश्व में शांति और समता का भाव लाने में मदद करेगा। एक बार हम महसूस कर लें कि हमारी आत्मा, परमात्मा का अंश है और यह अंश सभी इंसानों के अंदर समान रूप से है और इंसान ही नहीं, सृष्टि के सभी जीवों में है तो हम किसी का कोई नुकसान नहीं करेंगे। उसके बाद हम सबके अंदर अच्छाई देखना शुरू कर देंगे। हम दूसरों की भलाई के बारे में सोचने लग जाएंगे। हम प्रकृति को नष्ट करना बंद कर देंगे। प्रभु ने इस पृथ्वी पर जिंदा रहने के लिए कुदरत के उपहार प्रदान किए हैं। जब हम कुदरत की चीजों को नष्ट करते हैं, जो हमें मिली हैं, अथवा जब हम जमीन से अपनी जरूरत से अधिक वस्तुएं लेते हैं तो जमीन को सुधारने के बजाय उसे प्रदूषित करते हैं। इस स्थिति में हम पूरी दुनिया को नुकसान पहुंचाते हैं। ब्रह्मांड को पूरे संतुलित तरीके से बनाया गया है। यदि हम प्रकृति का पूरा ध्यान नहीं रखते हैं तो बहुत नुकसान उठाना पड़ता है और यदि हम स्वयं का पूरा ध्यान नहीं रखते हैं तो बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। चाहें वह बौद्धिक रूप से हो, शारीरिक रूप से हो या आध्यात्मिक रूप से हो तो दुनिया में हमारा जीवन भी प्रभावित होता है।

## संपादकीय

### विचाराधीन कैदियों की रिहाई...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि संविधान दिवस के दिन उन विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाएगा जिन्होंने अपराध की अधिकतम तय सजा का एक तिहाई हिस्सा जेल में काट लिया है। यह देश की भीड़ भरी जेलों में जगह बनाने का एक नेक प्रयास है। परंतु काफी कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जेल अधिकारी एक सप्ताह से भी कम समय में सूची संकलित करने और उसे तैयार करने पर निर्भर करेगा। यह बहुत भारी काम है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में 75 फीसदी विचाराधीन हैं। 2017 से अब तक इनमें 41 फीसदी का इजाफा हुआ है। विगत 19 वर्षों से जेलों में भीड़ कम करने के प्रयासों के बावजूद ऐसे हालात बने हुए हैं। उदाहरण के लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा 2005 में पेश दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 436 ए में कहा गया कि ऐसे विचाराधीन कैदी (उन कैदियों के अलावा जिन्होंने मृत्युदंड पाने लायक अपराध किए हों) जो अपराध के लिए तय अधिकतम सजा का आधा समय जेल में बिता चुके हों, उन्हें अदालतें जमानत के साथ या उसके बिना पर्सनल बॉन्ड पर रिहा कर सकती हैं। 2009 तक इस दिशा में अधिक प्रगति नहीं हुई। देश के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन ने भी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों को यह निर्देश दिया कि वे मामूली अपराधों के लिए बंद विचाराधीन कैदियों की तादाद का पता लगाएं और उनमें से जो उनके अपराधों के लिए तय सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में बिता चुके हैं उन्हें पर्सनल बॉन्ड पर रिहा कर दिया जाए। इस मामले में भी बहुत धीमी प्रगति हुई। मुख्यतौर पर ऐसा इसलिए हुआ कि अधिकांश विचाराधीन कैदी बॉन्ड या जमानत की व्यवस्था नहीं कर सके। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गत वर्ष एक योजना पेश की जिसके तहत उन कैदियों को वित्तीय सहायता दी जानी थी जो जमानत नहीं करवा सकते थे। योजना के तहत विचाराधीन कैदियों को 40,000 रुपये और दोषसिद्ध लोगों को 25,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जा सकती थी। इसके लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता वाली अधिकार प्राप्त समिति की मंजूरी आवश्यक थी। परंतु नवंबर में इंडियास्पेंड में प्रकाशित एक अध्ययन जिसमें छह राज्यों से सूचना के अधिकार के तहत हासिल प्रतिक्रियाएं शामिल थीं, में पाया गया कि केवल महाराष्ट्र में 10 विचाराधीन और एक सजायाफ्ता कैदी को इस योजना के तहत रिहा किया गया। कुल मिलाकर कानूनों और अदालतों का रुख प्रगतिशील रहा है। दंड प्रक्रिया संहिता का स्थान लेने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 479 में पिछले कानून के प्रावधानों को दोहराया गया और पहली बार अपराध करने वालों को अपनी सजा का एक तिहाई समय जेल में गुजार चुके होने के बाद जमानत पर रिहा करने की इजाजत दी गई।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### सवालों के घेरे में अदाणी

एक अमेरिकी अदालत ने जाने-माने कारोबारी गौतम अदाणी, उनके भतीजे सागर अदाणी और उनकी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी के कुछ अधिकारियों के खिलाफ भारत में सौर ऊर्जा आपूर्ति का अनुबंध हासिल करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह करने के जो आरोप लगाए, वे सनसनीखेज तो हैं ही, अदाणी समूह की मुश्किल बढ़ाने वाले भी हैं। चूंकि आरोप गंभीर हैं, इसलिए केवल यही नहीं देखा जाना चाहिए कि अमेरिकी अदालत अंततः किस नतीजे पर पहुंचती है, बल्कि भारत में भी इन आरोपों की जांच होनी चाहिए। यह जांच न केवल नीर-क्षीर ढंग से होनी चाहिए, बल्कि ऐसा होते हुए दिखनी भी चाहिए। हाल के समय में यह दूसरी बार है, जब अदाणी समूह किसी विवाद में फंसा और उसके चलते शेयर बाजार लड़खड़ाया। इसके पहले अमेरिकी शार्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर शेयरों में हेराफेरी के आरोप लगाए थे, जिसके चलते उसे अच्छा-खासा नुकसान उठाना पड़ा था। अदाणी समूह इस नुकसान से उबरा ही था कि अमेरिकी अदालत की पहल ने उसे कठघरे में खड़ा कर दिया। इस कार्रवाई ने अदाणी समूह की साख पर बट्टा लगाने का ही काम नहीं किया, बल्कि यह गंभीर सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या भारत में राजनीतिक रसूख और रिश्वत के जरिये ठेके हासिल करना आसान है ? दावा कुछ भी किया जाए, तथ्य यही है कि अपने देश में छोटे-बड़े कारोबारी समूह नेताओं और नौकरशाहों को अपने प्रभाव में लेकर मनचाहे सौदे करने में सफल रहते हैं। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल अपने दामन को पाक-साफ नहीं कह सकता। एक ऐसे समय जब यह अपेक्षा बढ़ रही है कि भारतीय कारोबारी देश के साथ दुनिया में भी अपना प्रभाव बढ़ाएं, तब यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे न केवल भारत में, बल्कि विदेश में भी नियम-कानूनों के तहत काम करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो भारतीय कंपनियों का भी नाम खराब होगा और भारत का भी। खतरा इसका भी है कि भारतीय कंपनियों को जानबूझकर निशाना बनाने और उन्हें बदनाम करने का सिलसिला कायम हो जाए। भारतीय कंपनियों की साख के साथ उनका अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बढ़े, इसकी चिंता सरकार के साथ विपक्ष को भी करनी चाहिए। यह ठीक है कि कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल अदाणी समूह के साथ मोदी सरकार के प्रति हमलावर हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कठघरे में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की पिछली सरकारें भी हैं और तमिलनाडु की वर्तमान सरकार के साथ जम्मू-कश्मीर सरकार भी। इसमें संदेह नहीं कि गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों पर लगे आरोप गंभीर हैं, लेकिन अभी इस नतीजे पर भी पहुंचने की हड़बड़ी नहीं दिखाई जानी चाहिए कि अमेरिकी अदालत ने जो कुछ कहा, वही अंतिम सत्य है। ध्यान रहे कि अभी तक पैसे के लेन-देन के कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं।



# महावीर पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शनिवार 23 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे वर्धमान सभा भवन में ''वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह'' का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमचंद जैन (प्रोफेसर, अकाउंटिंग एंड फाइनेंस मेकडनफ स्कूल ऑफ बिजनेस, जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी, वॉशिंगटन डी.सी.) का बैग पाइप बैंड की मधुर ध्वनि के साथ आगमन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बख्शी, संयोजक सुदीप ठोलिया, पद्मावती स्कूल के संयोजक राजेन्द्र बिलाला, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन सहित श्लोकोच्चारण की मंगल ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के अध्यक्ष तथा मानद् मंत्री द्वारा माला व साफा पहनाकर ,शॉल ओढ़ाकर एवं प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने स्वागत उद्बोधन के साथ-साथ विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक उपलब्धियों का वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस समारोह विद्यालय की शिक्षा परिषद् द्वारा प्राथमिक कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को 5000-5000/- के चेक, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र,माध्यमिक कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को 10000-10000/- के



चेक, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र, सैकेंडरी कक्षा , ग्यारहवी व बारहवी कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को 15000-15000/- के चेक, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं को 1100-1100/- के नगद पुरस्कार,प्रमाण पत्र व मेडल द्वारा सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न एंडांवमेंट अवाड्र्स के अंतर्गत 12वीं कक्षा के विभिन्न संकायों में टॉपर छात्र-छात्राओं को, बेस्ट स्पोर्ट्स बॉय एंड गर्ल अवार्ड, बेस्ट एथलीट अवार्ड, बेस्ट स्टूडेंट ऑफ जूनियर एंड सीनियर केटेगरी अवार्ड, बेस्ट हाउस अवार्ड आदि विभिन्न प्रकार के अवार्ड के अंतर्गत चेक ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए गए। बेस्ट टीचर के लिए महावीर पब्लिक स्कूल की अध्यापिका श्रीमती विनीता कोठारी,श्रीमती दीपाली गुप्ता व श्रीमती राधिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी व मानद् मंत्री सुनील बख़्शी के द्वारा सभी पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उन्हें उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमचंद जैन द्वारा प्रेरणाप्रद भाषण देते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट ज्ञान हेतु जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संयोजक सुदीप ठोलिया द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।संस्था सदस्यों एवं प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं विनतिया का आयोजन हुआ



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। अष्टमी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक पदम प्रभु भगवान का महा मस्तकाभिषेक हुआ। प्रातः श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं महामस्तकाभिषेक हुआ। बाद में राकेश जैन बघेरवाल एवं लक्ष्मीकांत जैन ने पदमप्रभु भगवान, पूनमचंद सेठी ने आदिनाथ भगवान, चान्दमल जैन ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। पूजा- अर्चना कर अर्ग समर्पण किये। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि सायंकाल जिनेंद्र देव की आरती कर 48 दीपों से भक्तांबर की महा आरती की गई इस उपरांत निर्यापक मुनि पुंगवश्रीसुधासागर महाराज के द्वारा सागर में चयंक जैन का मौजी संस्कार समारोह में उपनयन संस्कार आरोपित किए जाने के उपलक्ष में परिवारजनों द्वारा णमोकार महामंत्र जाप कर विनतियां का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला- पुरुष ने भाग लेकर धार्मिक उत्सव मनाया।

# अंतरराष्ट्रीय कवि सौरभ जैन ने कवि डी के जैन मित्तल को हिंदी साहित्य अकादमी भारत का राष्ट्रीय मंत्री किया मनोनीत

**कामां. शाबाश इंडिया।** साहित्य की अग्रणी संस्था हिन्दी साहित्य अकादमी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें तमाम पदाधिकारीयों का चयन किया गया है। इसी के अंतर्गत कामां के कवि डी के जैन मित्तल को संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया गया है। इस पर संस्था के सदस्यों, तमाम साहित्यकारों और उनके प्रशंसकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं। साथ ही कवि डी के जैन मित्तल ने संगठन प्रमुख स्टार पोएटेस डॉ अनामिका जैन अंबर, संगठन अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कवि सौरभ जैन सुमन का आभार जताया है और कहा है कि संस्था के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करेंगे।




श्री राजेश-श्रीमती रेखा जी पटोदी

सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति



24 नवम्बर' 24

Happy Anniversary

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका

सचिव: राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर



JSG Jain Social Groups

जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

श्री विनोद-श्रीमती ललिता जैन

सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

24 नवम्बर' 24



Happy Anniversary

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: सुनील सोगानी, आई पी पी: राहुल जैन

संस्थापक अध्यक्ष: मनीष झांझरी

पूर्व अध्यक्ष: अभय गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष: संजय जैन

उपाध्यक्ष: अजय बड़जात्या, सचिव: विशुतोष चाँदवाड

सह सचिव: महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष: सुकेश काला

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर

# जनता कन्या पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग



नरेश सोनी. शाबाश इंडिया

ऐलनाबाद। चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए 11वें पांच दिवसीय त्रिवेणी युवा महोत्सव में जनता कन्या पीजी महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें छात्रा कनिका बीकॉम तृतीय वर्ष ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में अपनी प्रतिभा दिखा कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अविनाश कंबोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की तथा समस्त छात्राओं को अपनी प्रतिभा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान हनुमान प्रसाद अग्रवाल, कॉलेज निदेशक सूबे सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता केएल कासनिया, डॉ परमजीत कौर व ज्योति सुथार उपस्थित रहे।


# लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

## संभागीय अध्यक्ष ने विजिट कर सदस्यों को दिया मार्गदर्शन

आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया



कोटा। लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल का दीपावली मिलन समारोह जोहरी होटल तलवंडी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 ए 2 के रीजन 4 के चेयरमैन एम जे एफ लायन दिनेश खुवाल द्वारा ऑफिशियल विजिट भी की गई। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवं सेक्रेट्री राधा खुवाल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट की प्रशासनिक गतिविधियों के अंतर्गत रीजन चेयरमैन लायन दिनेश खुवाल द्वारा क्लब के सेवा एवं प्रशासनिक गतिविधियों का अवलोकन कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया । लायन दिनेश खुवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा करते समय व्यक्ति के मन में दो प्रकार का भाव रहता है। खुशी और आनंद का खुशी में सेवा देने वाला खुश होता है पर लेने वाला खुश हो ये जरूरी नहीं है परन्तु जब सेवा करने वाला और लेने वाला दोनों खुश हो तो आनंद की अनुभूति होती है और ये आनंद की अनुभूति से ही लायन सदस्य को काम करना चाहिए ।विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रांतपाल एम जे एफ लायन विशाल माहेश्वरी ने बताया कि कम्युनिटी के लिए कुछ करने की भावना के साथ ही लायंस क्लब से जुड़ें आप अपने कामों से, विचारों के आदान प्रदान से कम्युनिटी में बदलाव ला सकते है। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने स्वागत उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम्स और गोल्स को अचीव करते हुए विशेष कार्यों को बताया सेक्रेटरी राधा खुवाल ने अब तक की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड के 50 सदस्यीय दल ने की तीर्थ राज सम्मेद शिखर जी यात्रा





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमंड जयपुर के तत्वावधान में शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की पुण्यशाली, मंगलकारी यात्रा दिनांक 22 नवम्बर 2024 को जयपुर वापसी पर समाप्त हुई। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष यशकमल अजमेरा ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमंड का पचास सदस्यीय दल दिनांक 17 नवम्बर को जयपुर से रेल द्वारा रवाना हुआ। स्टेशन पर ग्रुप के कोषाध्यक्ष सुरेश गंगवाल ने सभी यात्रियों का तिलक माला लगाकर अभिवादन किया। यात्रा के विभिन्न कार्यों के लिए सदस्यों ने अपनी ज़िम्मेदारी बखूबी निभाई। यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी-भोजन व्यवस्था को शानदार तरीके से सम्भालने का कार्य टीकम-दीपशिखा जैन ने किया। यात्रा की समस्त ज़िम्मेदारियों का निर्वहन ग्रुप के सचिव अतुल छाबड़ा ने किया। ग्रुप के अध्यक्ष राजेंद्र सेठी ने बताया कि ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष यशकमल अजमेरा के नेतृत्व में सदस्यों ने यात्रा के प्रथम दिन सामूहिक आरती की, दूसरे दिन 27 किलोमीटर की पैदल चल कर सम्मेद शिखर पर चौबीस तीर्थंकरों की निर्वाण स्थलों की वन्दना की। यात्रा के तीसरे दिन सामूहिक पूजा अर्चना एवं विधान में भाग लिया तथा तलहटी स्थित मन्दिरों का दर्शन लाभ लिया। पूर्ण भक्ति भाव एवं उल्लास के साथ सकुशल यात्रा सम्पूर्ण हुई।

# सहनशीलता मानव का अद्भुत गुण: गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुन्सी, निवाई. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ का निर्विघ्न चातुर्मास श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी राजस्थान में संपन्न हुआ। चातुर्मास में धर्म की महती प्रभावना हुई । दूर-दूर से यात्रीगण दर्शनार्थ पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। क्षेत्र पर भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। मुंबई से आये दर्शनार्थी परिवार संतोष रतनलाल शाह ने गुरु मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि - जीवन में सहनशील बनना बहुत आवश्यक है क्योंकि आज दुनिया में सभी इतने कमजोर हो गये कि किसी पर भी विपत्ति आई वह आत्मघात करने को तत्पर हो उठता है। सहनशीलता का गुण इंसान को सुख शांति व उन्नति देता है, असहनशीलता का गुण इंसान को पश्चाताप, दुःख, संताप और जीवन में असफलता देता है। पूज्य माताजी ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या कराने का सौभाग्य मालवीय नगर जयपुर समाज ने प्राप्त किया। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की आहारचर्या कराने का आनन्द सभी के चेहरे पर झलक रहा था सभी अपने को धन्य मान रहे थे।

# पाठशाला के बच्चों को जैन दर्शन के विधानों की जानकारी दी




**अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया**

**डडूका।** दिगंबर जैन पाठशाला डडूका के बच्चों को पाठशाला प्रेरक अजीत कोठिया ने जैन दर्शन में विविध पर्वों और धार्मिक आयोजनों में आयोज्य विधानों की विशिष्ट जानकारियां दी। कोठिया ने बच्चों को सिद्ध चक्र महामंडल विधान, दशलक्षण विधान, शांति नाथ विधान,कल्प द्रुम महामंडल विधान, पंच मेरु विधान, सर्वतोभद्र महामंडल विधान, याग मंडल विधान तथा मनोकामना सिद्धि महावीर विधान संबंधी जानकारिया दी तथा उनसे संबंधित मांडनो एवं उनके महत्व पर चर्चा की। बच्चो के ग्रुप्स ने इस अवसर पर जिनवाणी स्तुति, प्रार्थना, बाल गीत तथा मोक्ष मार्ग के प्रथम अध्याय की काव्यात्मक प्रस्तुतिया दी। संचालन अजीत कोठिया ने किया, आभार छात्र संघ के प्रधान मंत्री रियल जैन तथा मानवी जैन ने किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# उर्मिला मातोंडकर की नई ब्रांड एंबेसडर के रूप में जगन्नाथ रिफाइनरी ने की नियुक्ति

## जगन्नाथ रिफाइनरी ने उठाया बड़ा कदम, कंपनी के व्यापार में एक नई दिशा और ऊंचाइयों को छूने की जताई जा रही है उम्मीद



मनोज गंगवाल. शाबाश इंडिया

नावा सिटी। राजस्थान और गुजरात राज्यों में स्थित प्रसिद्ध नमक रिफाइनरी जगन्नाथ रिफाइनरी ने बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को अपनी नई ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस कदम से कंपनी के व्यापार में एक नई दिशा और ऊंचाइयों को छूने की उम्मीद जताई जा रही है। जगन्नाथ रिफाइनरी के निदेशक योगेश गुप्ता और विनीत अग्रवाल ने इस साझेदारी को लेकर कहा कि उर्मिला मातोंडकर का आकर्षण और लोकप्रियता कंपनी के उत्पादों को एक नया मुकाम दिलाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उर्मिला के साथ यह साझेदारी कंपनी को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने में मदद करेगी। उर्मिला मातोंडकर जो अपनी अभिनय कला के लिए प्रसिद्ध हैं, इस नए सफर में जुड़कर बहुत उत्साहित हैं। उर्मिला मातोंडकर ने कहा मैं जगन्नाथ रिफाइनरी के साथ जुड़कर गर्व महसूस कर रही हूं। उनके उत्पाद की गुणवत्ता और कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारियों को देखते हुए मैं इस साझेदारी को लेकर बेहद खुश हूं। कंपनी के निदेशक योगेश गुप्ता और विनीत अग्रवाल ने बताया कि रिफाइनरी का नमक सभी राज्यों में अपनी गुणवत्ता और शुद्धता के लिए अपनी अलग पहचान बनाएं हुए हैं और लोगों की पसंद बना हुआ है।

# जरूरतमंद परिवार की 119 बालिकाओं के विवाह में दिया जा चुका है सहयोग




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर की वैशाली नगर इकाई के तत्वावधान में पालबिछला क्षेत्र में रहने वाली महिला विधवा माता जिनके पति का लगभग 10 वर्ष पूर्व गंभीर रोग के कारण असामयिक देहासवान हो गया था की पुत्री जिसका विवाह आगामी 2 दिसंबर को होने जा रहा है माता मेहनत मजदूरी करके परिवार की जिम्मेदारी संभाले हुए है ने श्री दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष अतुल पाटनी से बेटी के विवाह में सहयोग की अपील की जिसे श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के मुख्य आथित्य में वैवाहिक कार्य में सहयोग किया गया। युवा महिला संभाग अजमेर की मंत्री भावना बाकलीवाल एवं वैशाली नगर इकाई की अध्यक्ष शांता काला ने बताया कि वैशाली नगर इकाई की सदस्याओं, श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के संरक्षक राकेश पालीवाल, श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी एवं वैशाली नगर इकाई की अध्यक्ष शांता महेंद्र काला, घेवर चंद विजय एवं पदम चंद जैन आदि के



सहयोग से सामाजिक सरोकार के अंतर्गत इस जरूरतमंद परिवार की पुत्री के वैवाहिक कार्य में आने वाली सामग्री के साथ विवाह उपरांत गृहस्थ जीवन के कार्य में आने वाली सामग्री देकर सहयोग किया गया। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर जरूरत के सामान भेंट किए गए। वैशाली नगर इकाई की मंत्री अल्पा जैन ने बताया कि इस अवसर पर मधु पाटनी, अतुल पाटनी, राकेश पालीवाल, नवल छाबड़ा, भावना बाकलीवाल, शांता काला, रंजना जैन, रिंकी जैन, निधि जैन, शोभा जैन, पदमचंद जैन सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# भव्य संत सदन का शिलान्यास

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया



इंदौर। नरसिंहपुर दिगंबर जैन मंदिर में 25 नवंबर सोमवार को प्रातः8:30 बजे श्री दिगंबर जैन नरसिंगपुरा समाज द्वारा लाल मंदिर माणकचौक पर भव्य संत सदन का शिलान्यास समारोह श्रमण संस्कृति समाधिष्ट महामहिम संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज मुनि श्री संधान सागर महाराज स संघ के मंगलमय सानिध्य में दिनांक 25 नवम्बर सोमवार को प्रातः8:30 बजे लाल मंदिर माणक चौक पर विशाल संत निवास का शिलान्यास होने जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं प्रवक्ता अविनाश जैन ने देते हुये बताया मुनि संघ प्रातः7 बजे मोहताभवन से माणक चौक की ओर प्रस्थान करेंगे। दि.जैन नरसिंगपुरा समाज ने संपूर्ण इंदौर की दिगंबर जैन समाज को इस मांगलिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष रानी अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंदगोधा महामंत्री हर्ष जैन सहित समस्त पदाधिकारिओं ने कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।

# कल्पद्रुम महामंडल विधान में उमड़ रहा भक्ति का सैलाब

**जैनों के साथ अजैन लोग भी हो रहे विधान में शामिल।**
**जीव के भाव ही सुख दुख का कारण: मुनि समत्व सागर**




## बरेली के अरोडा परिवार ने किया मुनि श्री का पाद प्रक्षालन

## आज निकलेगी चक्रवर्ती की भव्य दिग्विजय यात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कालोनी दिगम्बर जैन मंदिर में चल रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है।जैन समाज के साथ अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में विधान में सहभागी बन रहे है। समिति संयोजक योगेश पाटनी ने बताया कि शनिवार को प्रातः विशेष पूजा अर्चना के साथ समोवशरण में विराजित जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांतिधारा की गई ।शान्तिधारा का सौभाग्य लोकेंद्र - राजा देवी पाटनी राज भवन वाले , सत्यनारायण मित्तल एवं भविष्य गोधा परिवार ने प्राप्त किया। विधानाचार्य पंडित विकर्ष शास्त्री एवं शुभम भैया के निर्देशन में कल्पद्रुम महामंडल विधान में पंचपरमेष्ठी भगवान के अर्घ्य अर्पित किए गए। मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि महोत्सव में जैन धर्मावलम्बियों के साथ अजैन लोग भी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ सम्मिलित होकर मुनि श्री के सानिध्य में धर्म लाभ प्राप्त कर रहे है ।शनिवार को बरेली से पधारे गुलशन अरोड़ा परिवार एवं ममता सौगानी परिवार जापान वालो ने मुनि समत्व सागर व शील सागर महाराज के पाद प्रक्षालन किये। अनिल कुमार संभव पाटनी प्रहलाद कॉलोनी परिवार ने शास्त्र भेट किये। मीडिया समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि महामंडल विधान में शनिवार को बीस तीर्थंकरों की पूजा कर भक्ति भाव से अर्घ्य चढ़ाये। समिति सदस्य संतोष कुमार सौध्या ने बताया कि शाम को समोवशरण की महा आरती समाज श्रेष्टि लाड़देवी प्रदीपकुमार विमल बाकलीवाल परिवार साँवरिया परिवार की ओर से गाजे बाजे के साथ भक्तिपूर्वक की गईं। रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में महावीर नवयुवक मंडल एवं महावीर महिला मंडल के द्वारा भव्य नाटिका का मंचन किया गया।

## जग के वैभव में अंतरंग शांति संभव नहीं : मुनि समत्व सागर



मुनि समत्व सागर महाराज ने समवोशरण में गणधर परमेष्ठी के रूप में प्रवचन करते हुए कहा कि लोग धन के पीछे भाग रहे है धर्म से दूरी बना रहे है और जग के वैभव के उन्माद में जी रहे है उनको अंतरंग की शांति प्राप्त नहीं हो सकती है। मुनि श्री ने कहा कि मरने के बाद धन साथ नहीं जाएगा केवल धर्म ही साथ जाता है ।जिनके पास धर्म होता है दुनिया का धन वैभव अपने पीछे भागा आता है ।पंच महाव्रतों का पालन करने वालो को नियम से चक्रवर्ती बनने का वैभव प्राप्त होता हैं। उन्होंने कहा कि जीव देवपूजा, गुरु उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप एवं दान जैसे षट्आवश्यक कर्मों का पालन करते है वे इस भव में कभी दरिद्र नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा कि हम पूर्व भव के परिणामों का फल इस जन्म में भोग रहे है और वर्तमान के परिणामों से भविष्य तय होगा और जो व्यक्ति वर्तमान में परिणामों को सम्भाल लेंगे वे ही केवली बन सकते है। उन्होंने वर्तमान आपाधापी व भागदौड़ पर टिप्पणी करते हुए कहा कि व्यक्ति भौतिक संसार में सुख खोज रहा है जबकि आत्मिक सुख तो अंतरंग में ही है। जिन लोगो ने भौतिकता के पीछे भागना छोड़ कर अंतरंग से साक्षात्कार कर लिया है उन्होंने ही परमानन्द को प्राप्त किया है ।जीव के परिणाम ही सुख दुख का निर्धारण करते है।

# विशाल नि: शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर रविवार को

## वरिष्ठ हदय रोग विशेषज्ञ डॉ डी के गर्ग देंगे सेवाएं




जयपुर ।देवेनिया डायग्नोस्टिक मल्टी स्पेशियलिटी क्लीनिक की ओर से रविवार,24 नवम्बर को मुहाना मण्डी रोड पर विशाल निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। ऋषभ सेवा संस्थान जयपुर के मानद् सचिव एवं समाजसेवी विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि डॉ डी के गर्ग एवं डॉ सोनिया गर्ग देवीनिया मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक के सौजन्य से रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक मानसरोवर में मुहाना मण्डी रोड पर प्लाट नंबर 5,सुन्दर नगर, इस्कान टेम्पल रोड पर आयोजित इस निः शुल्क परामर्श एवं जांच शिविर में वरिष्ठ हदय रोग विशेषज्ञ डॉ डी के गर्ग, वरिष्ठफिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल मिश्रा (पीटी), वरिष्ठपैथोलोजिस्ट डॉ सोनिया गर्ग, सीनियर फिजिशियन एण्ड क्रिटिकल केयर डॉ ओम चौधरी एवं फिजिशियन डॉ बंदना अपनी सेवाएं देंगे। ऋषभ सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र साह आबूजीवाले ने बताया कि शिविर में बी पी,ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन आदि निः शुल्क जांचें की जाएगी। अन्य सभी पैथोलॉजी जांचों व एक्सरे पर 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। श्री जैन ने बताया कि शिविर में धड़कन कम-ज्यादा होना,सीने में दर्द,सीने में जलन, उच्च रक्तचाप (बी पी), घबराहट होना,शुगर कम-ज्यादा होना, जोड़ो का दर्द (गठिया), कोहनी का दर्द, गर्दन में दर्द /जकड़न/चक्कर आना, साइटिका (कमर में पंजे तक दर्द ) आदि रोगो का परामर्श दिया जाएगा।

# नेट थिएटर पर नाटक का मंचन

## समाज की संरचनाओं पर सवाल खड़े करता नाटक डकैत चूहे

जयपुर। नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रोग्रेसिव फोरम संस्था की ओर से बच्चों में छपी नैतिक शिक्षाएं और समाज मे कमजोरो तबके के शोषण और सामाजिक संरचनाओं पर सवाल करता नाटक डकैत चूहे के मंचन ने दर्शकों को झक झोर दिया ।नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि वरिष्ठ रंगकर्मी सरताज नारायण माथुर द्वारा प्रोड्यूस नाटक में आशीष पाठक द्वारा लिखित और डॉ.गिरीश कुमार यादव द्वारा निर्देशित रंगकर्मी दिव्यांश शिवनानी ने भावपुर्ण एवं सशक्त अभिनय से नाटक को जीवंत किया।